से भारत को जो हानि हुई है उसका अनुमान लगाना संभव नहीं है। लेकिन इतना कहा जा सकता है कि पश्चिमी देशों से आयात करने के लिए हमें जो ऊंचा जहाज भाड़ा देना पड़ता है उसके कारण भारत को लगभग 30 लाख डालर प्रति मास के अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है।

### BROADCASTING BY A.I.R. IN REGIONAL LANGUAGES

2045. SHRI SITARAM KESRI:
SHRI BHOGENDRA JHA:
SHRI SHIVA CHANDRA JHA:
SHRI DHIRESWAR KALITA:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government propose to introduce broadcasting services in such regional languages as Maithili, Maghai and Gurkhali which are vital from the point of countering propaganda from hostile quarters in the border areas; and

(b) if so, whether Government propose to instal additional broadcasting stations in these areas?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. K. SHAH): (a) Programmes in Maithili and Maghai are already being broadcast from Patna Station of All India Radio, while Gorkhali programmes are being broadcast from Delhi Station in its Troops programmes. Gauhati, Kurseong and Siliguri Stations of All India Radio are also broadcasting programmes in Nepali for Nepali speaking people residing in Border areas.

(b) There is a proposal to put up transmitters at Darbhanga and Gorakhpur as part of the expansion Scheme in the IV Plan period.

### चीनी राष्ट्रीय दिवस समारोह

2046. **श्री रामावतार शर्मा**: क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चीनी राष्ट्रीय दिवस समारोह में सम्मिलित होने के लिए दिल्ली स्थित चीनी दूतावास में कौन-कौन से भारतीय गए थे; और

(ख) क्या उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही करने का सरकार का विचार है यदि हां तो क्या कार्यवाही की जायेगी?

**प्रधान मंत्री, अणु शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)**: (क) चीनी राष्ट्रीय दिवस समारोह में सम्मिलित होने के लिए जो भारतीय नई दिल्ली स्थित चीनी राजदूतावास में गए थे उनकी एक सूची सभा पटल पर रखी है। [**पुस्तकालय में रख दी गई।** देखिये संख्या L.T.—1751/67]।

(ख) जी नहीं।

### सेवा मुक्त किये गए इमरजेन्सी कमीशन प्राप्त सैनिक अफसर

2047. **श्री राम सिंह अयरवाल**: क्या **रक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 1962 की आपात काल की स्थिति में विभिन्न राज्यों ने यह आश्वासन दिया था कि सेवामुक्त होने वाले इमरजेंसी कमीशन-प्राप्त सैनिक अफसरों को उनकी योग्यता के अनुसार लोक सेवा आयोग द्वारा तथा अन्य पदों के लिये चुने जाने के लिए सुविधायें प्राप्त होंगी; और

(ख) सम्बन्धित राज्यों द्वारा यह आश्वासन किस सीमा तक पूरा किया गया है?

**प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह)**: (क) और (ख). बहुत सी राज्य सरकारों ने सभा पटल पर रखे गये विवरण में निर्दिष्ट अपने यहां की विभिन्न राज्य सेवाओं और पदों में प्रथम और द्वितीय श्रेणी (गैर तकनीकी) में रिक्त स्थानों में से कुछ प्रतिशत स्थान सुरक्षित रखे जाने के सम्बन्ध में हाल ही में आदेश जारी किए हैं। [**पुस्तकालय में रख दिया गया।** देखिये संख्या L. T.—